## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सूचना देना अनिवार्य

**मण्डला।** कार्यालय श्रम पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी निर्माण नियोजकों, निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिवस पूर्व जिला श्रम कार्यालय को अनिवार्य रूप से सूचना दें। जारी निर्देशों के अनुसार, यदि किसी निर्माण एजेंसी या ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले निर्धारित समयावधि में सूचना नहीं दी गई है, तो उन्हें तत्काल अपने निर्माण कार्यों का पंजीयन जिला श्रम कार्यालय, मंडला में कराना होगा। निर्देशों का पालन न करने पर संबंधितों के विरुद्ध ''भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियमन एवं सेवा शर्त) अधिनियम, 1996'' तथा ''भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996'' के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्रम पदाधिकारी ने सभी संबंधितों से नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि श्रमिकों के हितों की सुरक्षा एवं निर्माण कार्यों का विधिसम्मत संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

### जिया चौकसे ने दसवीं में प्राप्त किया 96.6 प्रतिशत

**नारायणगंज।** उत्कृष्ट विद्यालय टिकरिया नारायणगंज में सीएम राइस स्कूल मैं मैं कक्षा दसवीं की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए जिया चौकसे पिता आशीष चौकसे माता विमलेश चौकसे पड़रिया उर्फ नारायणगंज का नाम रोशन कर एवं विद्यालय का नाम रोशन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया समस्त स्टाफ ने उज्जवल भविष्य की स्थापना की है।

## जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने व वन समितियों की भूमिका बढ़ाने पर जोर

# गुणवत्ता से समझौता नहीं-मंत्री सम्पतिया उइके

*** निर्माण कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जिला योजना भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, डीएफओ पूर्व श्रीमती प्रीता एसएम, डीएफओ पश्चिम श्री एमएस मौर्य, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्रीमती उइके ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कई निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कार्यों की समय-सीमा पूर्ण हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए। जनजातीय कार्य विभाग एवं ईई आरईएस विभाग क्रमांक 1 व 2 के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण होने थे वह समयावधि से अधिक है। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। मंत्री ने पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और जहां कार्य लंबित हैं, वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्यों को गति देने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण किया जाए।

उन्होंने कहा कि जलापूर्ति एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। इसके लिए अमृत सरोवर, खेत तालाब, चैकडेम, स्टॉपडेम आदि जल संरचनाओं का निर्माण बेहद जरूरी है जो जल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा।

बैठक में मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में वन समितियों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही, जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिले के क्षेत्रों में दोना पत्तल वन उत्पाद के द्वारा रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इसके लिए अभी से ऐसे स्थानों का चयन करें जहां दोनापत्तल का कार्य आर्थिक गतिविधि के रूप में बेहतर तरीके से किया जा सकता है। डीएफओ पूर्व एवं पश्चित द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि ग्राम स्तर पर लगातार प्रचार-प्रसार कर आवश्यक जानकारी दी जा रही है कि जंगल में महुआ बीनने लोग अकेले न जाएं। गर्मी के मौसम में वनाग्नि की घटनाएं आमतौर पर अधिक होती है।



बरसात के मौसम के पूर्व वृहद स्तर पर पौधारोपण करने की कार्ययोजना पहले से ही तैयार कर ली जाए। इसके तहत जिन पौधों को रोपित करना है उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित कर लें। छायादार एवं फलदार वृक्षों को इसमें शामिल करें। ऐसे निर्माण कार्य जो वन विभाग की भूमि के अंतर्गत आने से पेंडिंग है उसकी भी जानकारी प्रदान करें। जिससे कि आवश्यक समाधान निकालकर निर्माण कार्य पूरे किए जा सकें। शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित ऐसे भवनविहीन शालाओं की सूची तैयार करें। किसी भी स्थिति में विद्यालय का संचालन जीर्णशीर्ण भवनों में न हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें।

## बिछिया-घुटास मार्ग पर लगा डामर प्लांट बना ग्रामीणों के लिए काल



*** ग्रामीणों को सांस लेना हो रहा दूभर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

हर्राभाट पंचायत विकास की आड़ में ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ का एक बड़ा मामला सामने आया है। बिछिया से घुटास रोड पर स्थित हर्राभाट पंचायत के अंतर्गत संचालित डामर प्लांट (Hot Mix Plant) अब स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुएं और धूल के कणों ने क्षेत्र की हवा को इतना प्रदूषित कर दिया है कि ग्रामीणों का दम घुटने लगा है।

### अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा

ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाला काला धुआं और रासायनिक गंध सीधे घरों तक पहुँच रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, डामर प्लांट से निकलने वाले सूक्ष्म कण और गैसें (जैसे सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड) सीधे फेफड़ों पर हमला करती हैं इससे अस्थमा (दमा) के मरीजों की संख्या बढ़ने की पूर्ण संभावना है। बच्चों और बुजुर्गों में सांस लेने की तकलीफ और लगातार खांसी की समस्या देखी जा रही है। आंखों में जलन और त्वचा संबंधी रोगों का खतरा भी मंडरा रहा है।

### नियमों को ताक पर रखकर संचालन?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्लांट आबादी क्षेत्र और कृषि भूमि के बेहद करीब है। नियमानुसार, ऐसे प्रदूषणकारी संयंत्रों को रिहायशी इलाकों से एक निश्चित दूरी पर होना चाहिए और उनमें ऊँची चिमनियाँ व एयर फिल्टर (Dust Collectors) लगे होने अनिवार्य हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ सुरक्षा मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। धुएं के कारण बाहर बैठना या कपड़े सुखाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशासन को जल्द इस पर संज्ञान लेना चाहिए, वरना यहाँ हर घर में कोई न कोई अस्थमा का शिकार हो जाएगा। हर्राभाट पंचायत के निवासियों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मांग की है कि प्लांट की तत्काल जांच की जाए। वायु प्रदूषण की गुणवत्ता (Air Quality) मापी जाए। यदि मानक पूरे नहीं पाए जाते, तो प्लांट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए या अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए।

## भीषण गर्मी में बदला जाए विद्यालयीन समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जनपद पंचायत मोहगाँव उपाध्यक्ष व शिक्षा स्थायी समिति सभापति शिव कुमार मिश्रा ने विद्यालयीन समय परिवर्तन की मांग की है, जिसमें आंगनबाड़ी से लेकर प्राथमिक, माध्यमिक,हाई स्कूल, हायरसेकंडरी, सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे, बालक, बालिकाओं को चिलचिलाती धूप में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लगातार बढ़ते तापमान से जन जीवन अस्त व्यस्त है ऐसी विषम परिस्थितियों में स्कूलो में पढ़ने वाले नोनिहाल बच्चों, छात्र छात्राओं को भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है बहुत से स्कूलो की स्थिति इतनी भयावह है कि गर्मी में बैठने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है आस पास के दूरस्थ क्षेत्र से बच्चे पढ़ने आते हैं संसाधनो के अभाव में पैदल तपन के वातावरण में बच्चो को आना पड़ रहा है चिलचिलाती गर्मी में स्वास्थ पर भारी असर दिखने मिल रहा है लगातार उल्टी दस्त कमजोरी का दौर चल रहा है इन सभी गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए शिव कुमार मिश्रा ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि समस्त इकाई के विद्यालयों का समय परिवर्तन कर सुबह 7 बजे से 11 बजे निर्धारित किया जाए।

## कलेक्टर श्री धोटे ने स्वयं भरा ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म

*** नागरिकों से जनगणना में सहयोग की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में जनगणना की प्रक्रिया को गति देने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने एक अनुकरणीय पहल की है। 16 अप्रैल से शुरू हुई सेल्फ इन्यूमरेशन (स्व-गणना) प्रक्रिया के तहत उन्होंने स्वयं अपना ऑनलाइन फॉर्म भरकर जिलेवासियों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

फॉर्म भरने के पश्चात कलेक्टर श्री धोटे ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि देश और प्रदेश की भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला है। सटीक डेटा के माध्यम से ही शासन की योजनाएं अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँच पाती हैं।

कलेक्टर श्री धोटे ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को जनगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करनी चाहिए। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित, सरल और पारदर्शी है। सटीक जानकारी साझा करना राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित राज्य स्तरीय जनगणना अधिकारी उपस्थित थे।

## गौरैया की चहक' बचाने बिछिया की महिलाओं ने बढ़ाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



आधुनिकता की चकाचौंध और कंक्रीट के जंगलों के बीच गुम हो रही गौरैया को बचाने के लिए बिछिया नगर में एक सराहनीय पहल की गई है। कभी गाँवों की शांत सुबह और शहरों की चहल-पहल का अटूट हिस्सा रही गौरैया अब दुर्लभ होती जा रही हैं। इन नन्हें परिंदों को विलुप्त होने से बचाने और उन्हें फिर से हमारे आंगन में वापस लाने के उद्देश्य से नगर की जागरूक महिलाओं ने संरक्षण का संकल्प लिया है।

बदलते समय के साथ गौरैया के लिए प्राकृतिक घोंसलों की जगह खत्म होती जा रही है। इसी चुनौती को देखते हुए बिछिया नगर की महिलाओं ने गौरैया को सुरक्षित आश्रय देने के लिए अपने घरों में कृत्रिम घोंसले लगाए हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन नन्हें मेहमानों के लिए सुरक्षित प्रजनन और निवास स्थान उपलब्ध कराना है।

इस प्रेरणादायक प्रयास में बिछिया नगर से दीप्ति साहू, रश्मि दीक्षित, प्रीति अग्रवाल, श्वेता मोदी, सीता अग्रवाल, रानू पांडे, कविता भट्ट, नीता दीक्षित और अक्षरा मोदी की सक्रिय सहभागिता रही। इन सभी ने न केवल अपने घरों में घोंसले लगाए, बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया कि प्रकृति और जीव-जंतुओं का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभियान में शामिल महिलाओं का कहना है कि गौरैया की खुशनुमा चहचहाहट हमारी अविस्मरणीय यादों का हिस्सा रही है। बिन बुलाए मेहमान की तरह आने वाले इन पक्षियों के बिना हमारा परिवेश अधूरा है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम इन परिंदों को फिर से अपने जीवन का हिस्सा बना सकते हैं।

नगरवासियों ने महिलाओं की इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि यह प्रयास बिछिया में गौरैया की आबादी को फिर से बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

**हत्या** | बजनी बस्ती से सिर पर किया वार और बेफिक्र होकर घूमता रहा।

# चरित्र संदेह पर पति ने की पत्नी की हत्या

*** निवास थानांतर्गत ग्राम घूरनेर का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास





निवास थानांतर्गत ग्राम घूरनेर के प्रकाश लोधी ने अपनी दूसरी पत्नी तुलसा बाई के सर किसी बजनी वस्तु से सर व चेहरे में वार कर मौत की नींद सुला दिया और दो दिन तक बेफिक्र घूमता रहा, जिसकी ग्राम वासियों को भनक तक नहीं लगी शुक्रवार सुबह दंपत्ति के छोटे लड़के राजेश सिंगरौरे 17 वर्ष ने राह चलती एक महिला को अपनी माँ के सोकर न उठने की बात कही,जिसपर उक्त महिला ने मृतक तुलसा बाई को हिलाकर उठाने की कोशिश की तब उसको पता चला की इसकी मौत हो चुकी है।

100 डायल पर निवास पुलिस को सूचना दी जाने पर निवास थाना इंचार्ज गोपाल घासले अपने दल बल के साथ मौक़े पर पहुँचे तब तक मृतिका के मायके वाले भी आ चुके थे और अपनी लड़की की हत्या के कथित आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हो हल्ला मचाने लगे।

वहीं दोनों पक्षों को शांत करने में पुलिस दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी, और अंततः मृतक महिला के पति को पुलिस वाहन से शुरक्षित थाना लाया गया तब बाकी की कार्रवाई आगे हो सकी।

### आरोपी की दूसरी पत्नी थी मृतिका

मिली जानकारी अनुसार प्रकाश लोधी की पहली पत्नी से कोई संतान नहीं थी लिहाजा आरोपी ने दूसरी शादी बरेला थानांतर्गत परतला ग्राम में की थी, इस मृतिका पत्नी और कथित आरोपी की तीन संतान हैं बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है छोटे दो लड़के अविवाहित 17 व 19 वर्ष के हैं।

ऐसे में एक ही छत के नीचे रह रहे पिता के साथ दो लड़कों द्वारा अपनी माँ के साथ हुई घटना की जानकारी ग्राम वालों के अलावा पुलिस को समय पर नहीं बताया जाना एक ओर जहाँ बड़े गंभीर सवालों को जन्म देता है वहीं पिता के अपराध में बच्चों की सहभागिता से इंकार नहीं किया जा सकता।

### कुछ दिनों से मृतिका अलग रह रही थी

पति द्वारा पत्नी पर आये दिन चरित्र पर लांछन लगाकर प्रताड़ति किया जाता था जिसके चलते मृतिका गांव में मजदूरी कर घर की खोलीनुमा अहाते में गुजर बसर कर रही थी, और उक्त मृतिका जिसके यहां भी मजदूरी करने जाती तब उक्त के पति द्वारा वहीं के किसी पुरुष सदस्य से अनैतिक सम्बन्ध बनाने के ताने देकर प्रताड़ित व अपमानित किया जाता था।

### मृतिका के चेहरे पर गहरे चोट के निशान, टब का पानी लाल

वारदात वाले घर के बाहर रखे एक प्लास्टिक के टब में लाल रंग का पानी देखा गया, जिससे शंका जाहिर कि जा रही है की संभवतः आरोपी ने घटना को अंजाम देकर खून से रंगे हाथों को टब में धुला होगा, जिसकी पुष्टि जाँच के बाद ही हो सकती है।

मृतिका के शव को प्रथम दृष्टी से देखने से प्रतित होता है कि आरोपी ने महिला के सर व सीने में किसी बजनदार वस्तु से घातक वार कर हत्या को अंजाम दिया है। मृतिका के चेहरे के दाई ओर गहरे घाव व सर के कुछ जगह के बाल भी नहीं हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुये निवास पुलिस हर नजरिये से जाँच पड़ताल में जुटी हुई है अतः पुलिस विवेचना और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही असल आरोपी का पर्दाफास हो पायेगा।

### इनका कहना है :-

*हत्या कि आशंका है शव 48 घंटे से अधिक पुराना है, मृतिका के ससुराल पक्ष को हिरासत में लिया गया है, शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।*

**-गोपाल घासले,**
**(थाना प्रभारी निवास)**

## समस्याओं को लेकर केबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**मण्डला।** कर्मचारियों की विभिन्न विषयों एवं समस्याओं के निदान हेतु तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मंडला के जिला अध्यक्ष सतीश मिश्रा, जिला सचिव रविशंकर साहू एवं संभागीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, ज्ञान लता कुजूर जिला उपाध्यक्ष प्रेम लाल भांवरें आलोक उपाध्याय द्वारा मंत्री संपतिया उईके से सौजन्य भेंट की गई मंत्री जी द्वारा सभी विषयों पर ध्यान देकर समाधान का आश्वासन दिया गया।

## अभी तक नहीं हटी बस स्टैंड से शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज





विदेशी शराब दुकान के विरोध में नारायणगंज के नागरिक द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है कि बस स्टैंड में स्थित विदेशी शराब दुकान शीघ्र हटाई जाए इन दुकानों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं पास में ही हनुमान जी का मंदिर है जो की एक आस्था का केंद्र है इस रोड में स्कूल कॉलेज की छात्राएं निकलते हैं जिससे उन्हें कई बार शराबियों द्वारा गंदे शब्द का प्रयोग किया जाता है बाजार हाट के दिन यहां पर बीच सड़क में मोटरसाइकिल खड़े करके शराब लेने के लिए लाइन लगी जाती है एवं शासन के निर्देश है कि दुकान के पीछे बैठालकर शराब पिलाई जा रही है और शासन के निर्देश है कि रहवासी इलाके में शराब दुकान पर प्रतिबंध है इस संबंध में ग्राम पंचायत पड़रिया के द्वारा ग्राम सभा में प्रस्ताव दिया है कि बस स्टैंड में शराब दुकान हटाना चाहिए यहां से प्रतिदिन 50 से 60 बसे चलती हैं और 24 घंटे यहां पर रोड चलती है और चहल-पहल रहती है लोगों को हमेशा खतरा बना रहता है आए दिन यहां पर झगड़े होते हैं जिसके कारण विवाद की स्थिति बनती है पंचायत द्वारा विगत महीना में जनसुनवाई के दौरान शराब दुकान का विरोध किया गया था जिसमें कहा गया था कि आने वाले ठेके में शराब दुकान बस स्टैंड से अलग हो जाएगी परंतु अधिकारियों की लापरवाही के कारण शराब दुकान नहीं हटाई है पंचायत द्वारा एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा पुनः जनसुनवाई में शिकायत की है परंतु अभी तक शराब दुकान बस स्टैंड से नहीं हटाई जा रही है एवं शराब के दाम प्रिंट रेट से अधिक लिए जा रहे हैं शीघ्र ही यहां से दुकान हटाई जाए।

# नये बस स्टेन्ड पर लम्बे समय से खड़ी हुई बस में अचानक आग लगने से निर्मित हुआ अफरा तफरी का महौल

## नपा की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग, शहर में बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल बची, आग लगने की सच्चाई बनी रहस्य...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा





स्थानीय नये बस स्टेन्ड पर अपरा तपरी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया तब लम्बे समय से खड़ी हुई बाबू ट्रेवल्स की बस में अचानक आग के शोले उठने के कारण लोगों में भगदड़ का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। बताया जाता है कि इस समय पड़ रही सूरज की तेज तपन के बीच शुरू होने जा रहे शादियों के सीजन के चलते जहां बस स्टेन्ड पर भीड़ का महौल दिखाई दे रहा है। क्योंकि नये बस स्टेन्ड का निर्माण कार्य चलने के स्थिति में मुख्य बस स्टेन्ड के समीप खाली पड़ी हुई जगह पर अघोषित रूप से बस स्टेन्ड बनाते हुये सभी बसे वहां पर रूकती है। इस स्थिति के चलते शादी सीजन की शुरूआत होने की स्थिति में बस स्टेन्ड पर दिन भर यात्रियों की भीड़ रहने के चलते मेले जैसा स्वरूप दिखाई देने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर इस समय तेज तपन के चलते बस यात्रियों के लिये किसी भी प्रकार से छाव की व्यवस्था नही होने के कारण वह यहां वहां चाय पान दुकानो या फिर पुराने खड़े हुये वाहनों का आसरा लेने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार के दोपहर के समय उस समय देखने मिली जब रोज की तरह नगर के बस स्टेन्ड यात्रियों से भरा हुआ था ओर शहर के बस स्टेन्ड से अलग अलग रूट के लिये बसों का आना जाना लगा हुआ था। इसी दौरान बस स्टेन्ड पर काफी दिनों से खड़ी हुई बाबू ट्रेवल्स की बस क्रमांक एम पी 49P-0227 में अचानक जब लोगों ने आग के शोले उठते हुये देखे गये तो बस स्टेन्ड पर भगदड़ की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पाई। इस तरह खड़ी हुई बस में आग ने चंद सैकेन्डों के अंदर ही इतना भयानक रूप धारण कर लिया गया था कि बस से निकलने वाला धुंआ शहर के हर कौने से दिखाई देने के कारण लोगों का हुजूम लगने से नही चूक पाया। इस तरह अचानक बस में आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम सहित नगर पालिका की फायर विग्रेड ने पहुंचकर आसपास के लोगों के मदद से आग पर काबू तो पा लिया गया था। मगर बस पूर्णरूप से जलकर खाक होने से नही बच पाई है..? इस तरह खड़ी हुई बस में घटित हुई आगजनी की घटना के कारणों का अभी तक पता तो नही चल पाया है जिसके चलते घटना एक रहस्य बनने के साथ साथ अनेक सबालों को जन्म देते हुये जान पड़ने से नही चूक रही है..? मगर इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर में एक बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल बच गई। यदि समय रहते हुये नगर पालिका टीम नही पहुंची होती तो निश्चित तौर से यह आग और बड़ा रूप धारण करते हुये बस स्टेन्ड पर खड़ी हुई सबारियों से भरी अन्य बसों को अपनी चपेट में लेने से नही चूक पाती..? क्योंकि घटना के समय जहां बस स्टेन्ड पर बस यात्रियों की भीड़ का आलम देखने मिल रहा था तो दूसरी ओर अनेक बसे सबारियों से भरी हुई खड़ी होने के साथ साथ अन्य वाहन भी खड़े हुये थे। इसके आलवा यहां पर रहवासी क्षेत्र होने के चलते आसपास अनेक कच्चे मकानों के आलवा लोगों के चाय पान सहित अन्य दुकानों के टपरे भी स्थापित थें। यदि आग पर समय रहते नपा की टीम द्वारा काबू नही पाया गया होता तो अन्य बसों सहित लोगों के घरों व दुकानों को अपने अगोश में लेते हुये बस यात्रियों की जिन्दगी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था..? वही दूसरी ओर जिस तरह कई दिनों से खड़ी हुई बस में अचानक आग लगने की सच्चाई को लेकर नगरवासियों द्वारा जांच की मांग उठाई जा रही है..? क्योंकि यह घटना निश्चित तौर से आमजन सहित बस यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सबाल खड़े करते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..?

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को बताये गये अग्नि सुरक्षा के उपाय



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत के अंतर्गत आने वाले ग्राम चोर बरहटा के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में सीआईएसएफ ( एनटीपीसी ) की टीम ने विद्यालय का भ्रमण करते हुये। इस दौरान उन्होंने वहां के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को अग्नि सुरक्षा और विद्यालय सुरक्षा विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान दिया । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से समझाया गया कि अग्नि दुर्घटना किन स्थितियों में हो सकती है और हमें तत्काल किस प्रकार सुरक्षात्मक कदम उठाने चाहिए। इस प्रशिक्षण में सीआईएसएफ टीम ने विद्यार्थियों को अग्नि आपदा से निपटने के तरीके और सावधानियों से अवगत कराया। इस मौक़े पर विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक मन्ना लाल पटले एवं साथी शिक्षकों ने टीम भी मौजूद थी।

### दूसरे की लड़ाई के बीच बोलने से पिल गया डंडा

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। एक पुरानी कहाबत है कि किसी के फटे में टांग नही अड़ना चाहिये नही तो महंगा पड़ता है। यह कहावत बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम खैरी पाली में उस समय देखने मिली जब दो लोगों के बीच लड़ाई चल रही थी और तीसरे व्यक्ति के बीच में बोलने के चलते डंडा खाने के लिये मजबूर होना पड़ा। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खैरी पाली निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस की बात है कि गांव के राजीव अहिरवार .संजीब अहिरवार ,राहुल अहिरवार किसी बात को लेकर आपस मे लडाई विवाद कर रहे थे तब प्रार्थी का भाई चेतराम अहिरवार इन लोगो को समझाने गया तो उसी समय सुनील अहिरवार भी आ गया औऱ उसने प्रार्थी के भाई चेतराम को बीच में बोलने पर सिर मे डंडा मारते हुये चोट पहुंचाई। वही मौके पर पहुंचे हुये राजीव अहिरवार द्वारा भी मारपीट की गई। इसी बीच प्रार्थी का छोटा भाई संदीप अहिरवार बीचबचाव करने गया तो उसे भी लाठी डंडा से मारपीट की गई। जब अपने दोनों भाईयों की पिटाई देखने के बाद प्रार्थी खुद ही बीच बचाव करने के लिये गया तो उसके साथ भी राजीव व संजीव अहिरवार द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। मगर इस घटना से यह बात एक बार फिर उजागर हो चुकी है कि किसी के बीच में बगैर मतलब के नही बोलना चाहिय...? नही तो भारी पड़ने से नही चूकता है।

### गेंहू फसल पर आग लगाकर किया खाक

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम चोर बरहटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैनें गाँधी टोला रायपुर हार के छुट्टू चौधरी एवं हल्के चौधरी की साढे तीन एकड़ जमीन सिकमी (ठेका) से छः साल के लिए 420000/- रूपये मे लिया हूँ । उस जमीन के 420000/- रूपये छुट्टू एवं हल्के को दे दिये गये है।। उक्त सिकमी वाली जमीन को कास्त करने के लिए बटिया से छुट्टू चौधरी एवं हल्के चौधरी को दे दिया है। अभी वर्तमान मे उस जमीन पर गेहूँ की फसल लगी थी जो गेहूँ की काटकर खेत मे रख दिये थे। बीते हुये दिवस हल्के चौधरी ने प्रार्थी से पैसे माँग रहा था जो प्रार्थी ने हल्के चौधरी को पैसा नही दिया तो हल्के चौधरी ने खेत में इकठ्ठी रखी गेहूँ की फसल में आग लगाते हुये जलाकर खाक किये जाने पर जहां प्रार्थी को लगभग पचास हजार की क्षति का सामना करना पडा। वही पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# गुरूकुलम हायर सेकेंडरी सालीचौका ने बोर्ड परीक्षा में हासिल किया गौरव


कुमारी सरिता मेहरा


मनीष वर्मा


कुमारी आभा लोधी


अरविंद अहिरवार


कुमारी माही वर्मा


कुमारी पुष्पा वर्मा


कुमारी नम्रता वर्मा


कुमारी हर्षिता रघुवंशी


कुमारी मोहिनी लोधी,


शीतल पटैल

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

हर शिक्षण संस्था में बच्चों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा की सच्चाई वोर्ड परीक्षा परिणामों के माध्मम से उजागर होने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों घोषित हुये कक्षा दसवी व बारहवी के वोर्ड परीक्षा परिणामों के दौरान वहां के छात्र छात्राओं की सफलता जहां अपनी संस्थाओं का नाम रोशन करने से नही चूक है तो दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं का गौरव बढ़ते हुये भी देखने मिल रहा है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका पौड़ार स्थित गुरूकुलम इंटर नेशनल स्कूल के बच्चों वोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करते हुये अपनी संस्था का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। बताया जाता है कि नगर की अंग्रेजी माध्यम की संस्था गुरुकुलम के विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वी वोर्ड परीक्षा परिणामें में कु. सरिता मेहरा ने 93.2% , मनीष वर्मा ने 93%, आभा लोधी ने 92.6%, अरविंद अहिरवार ने 91.6% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की गई है। इसके आलवा अन्य कक्षा 10 वी के बच्चों ने भी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर अपने शिक्षक जनों एवं परिवारजनों का नाम रोशन किया। इसी प्रकार से कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणामों में भी कु. माही वर्मा ने 93.4 % , पुष्पा वर्मा 92.2 %, नम्रता वर्मा 92.2 %, हर्षिता रघुवंशी 91.6%, मोहिनी लोधी 90% , शीतल पटेल 90% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय परिवार एवं अपने माता - पिता का नाम रोशन किया गया है। संस्था के बच्चों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के प्रथम हायर सेकेंडरी गुरुकुलम इंटरनेशन स्कूल ने **MP** बोर्ड परीक्षाओं में सालीचौका क्षेत्र में अपने एक अलग ह परचम लहराते हुये मिशाल पेश की गई। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सुखचैन नदी के लिंगा घाट में हुआ सामूहिक श्रमदान, सिद्ध महायोगी दादा गुरू महाराज हुये शामिल



हरिभूमि न्यूज/खुलरी।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करने की सोच के चलते बीते हुये दिवस विकास खंड चावरपाठा के भौरझिर सेक्टर में प्रवाहित सुखचैन नदी को पुनर्जीवित करने के लिए लिंगा घाट पर सामुदायिक श्रमदान कर नदी गहरीकरण, बोरी बंधान और स्वच्छता के कार्य एक साथ किए गए। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्थाओं, समितियों और ग्रामीणों ने मिलकर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। इस आयोजन में मुख्य रूप से माँ नर्मदाजी के भक्त सिद्व योगी दादा गुरू महाराज के आलवा क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुये। मां नर्मदा,धर्म, धरा,धेनु,प्रकृति,पर्यावरण संरक्षण _संवर्धन के लिए पूर्णतः समर्थित अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी क्षेत्र वासियों के सुखद मंगलमय जीवन की कामना की दादा गुरु के साथ सुखचेन नदी में श्रम दान किया और दादा गुरु महाराज जी के मुखारविंद से सुखचेन नदी पुनर्जीवन संवाद को सुना। ज्ञात हो कि दादा गुरु भगवान के पावन सानिध्य में छोटी नदियों के पुनर्जीवन हेतु चलाया जा रहा यह अभियान केवल जल संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का महान संकल्प है। आज जब अनेक छोटी नदियाँ सूखने की कगार पर हैं, तब दादा गुरु भगवान ने समाज को जागृत कर यह संदेश दिया है कि जल है तो कल है। छोटी नदियाँ केवल जलधारा नहीं होतीं, वे गांवों की जीवनरेखा, किसानों की आशा, पशु-पक्षियों का आधार और पर्यावरण का संतुलन हैं। इस तरह दादा गुरु के मार्गदर्शन में जल स्त्रोतों का संरक्षण, नदी तटों की सफाई, वृक्षारोपण और जनजागरण जैसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यह सेवा कार्य हमें सिखाता है कि यदि समाज संगठित हो जाए तो सूखी धरती भी फिर से हरी-भरी बन सकती है। इस दौरान सुखचैन नदी और मां नर्मदा के संगम स्थल लिंगा घाट पर हुए इस अभियान में नवांकुर संस्था भारतवाह जनकल्याण समिति ईश्वरपुर, श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिलथारी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां भौरझिर, लिंगा, सूरना, लिलवानी और करहैया के संयुक्त प्रयास से नदी पुनर्जीवन का कार्य किया गया। श्रमदान के दौरान नदी में जमी गाद और कचरे को हटाकर गहरीकरण किया गया। साथ ही जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बोरी बंधान का निर्माण भी किया गया, जो पानी के संचयन में सहायक होगा। इसके साथ ही लिंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल नदी को पुनर्जीवित करना है, बल्कि जल संरक्षण, संवर्धन और नदियों की निर्मलता एवं अविरलता बनाए रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। अभियान में जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस तरह सामूहिक प्रयासों से ही जल संकट का समाधान संभव है और नदियों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

## हरिभूमि की खबर रंग लाई, तेज तपन से मासूमों बचाने के लिये स्कूल समय में परिवर्तन के आदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नये शिक्षा सत्र की शुरूआत जिस तरह बीते हुये एक अप्रैल से होने के चलते इस दिनों स्कूलों में पहुंच रहे बच्चों की हालत चिंता जनक बनने से नही चूक पा रही है। क्योंकि दिनों दिन तहां तापमान में बढ़ोत्तरी देखने मिल रही है। इसी बीच स्कूलों में जब बच्चे पहुंचते है तो उन्हें आने जाने में तेज तपन का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं में जब एक ही कमरे में बच्चे बैठते है और इसी बीच यदि बिजली बंद हो जाती है तो मासूम गर्मी से बेहाल होने से नही बच पाते है। वही जब बच्चों की छुट्टी होती है। इस दौरान जो बच्चे स्कूली बसों से आना जाना करते है बसों के अंदर बच्चों की हालत देखकर अभिभावकों में मासूमों की जिन्दगी लेकर चिंता उठने से नही चूक पा रही थी। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा बीते हुये 11 अप्रैल के अंक में मुख्यता से प्रकाशित करते हुये मासूमों की सच्चाई से अधिकारियों को अवगत कराया गया था। हरिभूमि की खबर को अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किये जाने से अभिभावकों की चिंता में कमी दिखाई देने लगी है। बताया जाता है कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा ने आदेश जारी करते हुये निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, नवोदय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक अब नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित होंगे। यह निर्णय लगातार तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी के बीच विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही आयोजित किए जाएंगे। यह नया समय 21 अप्रैल 2026 से लागू होकर अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। बताया जाता है कि यह आदेश नरसिंहपुर जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अनुमति से जारी किया गया है।




## समाजसेवी मुकेश बसेडिया की पहल से राहगीरों को गर्मी के दौरान पीने को मिलेगा गुड़ चना के साथ शीतल जल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भीषण गर्मी हो या फिर हो बरसात व हाड कांपने वाली ठंड क्यों ना हो सभी मौसम में लोगों की मदद के लिये सबसे आगे खड़े रहने वाले मुकेश बसेड़िया गाडरवारा ही नही बल्कि आसपास के क्षेत्र में जब किसी असहाय और ज़रूरतमंद की मदद की जब बात आती है तो गाडरवारा के समाजसेवी मुकेश बसेडिया हमेशा वहां आपको खड़े दिखाई देते है...? अब गर्मी के मौसम में भला आपको गाडरवारा शहर में ठंडा पानी ना मिले ऐंसा मुकेश बसेडिया के रहते हुये हो ही नही सकता। दर असल बीते हुये शुक्रवार वैशाख कृष्ण सतुवाई अमावस्या के शुभ अवसर पर नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गुड़ चना के साथ प्याऊ शुभारंभ नर्मदा कालोनी रेवाश्री बुक्स के पास व लोक सेवा केन्द्र के समीप किया। बताया जाता है कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम प्रकांड विद्वान पं भवानी प्रसाद शास्त्री ने वैदिक विधिविधान से माँ विजयासन, श्री दादाजी धूनी वालो के साथ जल देवता वरुण का आवाहन व पूजन अर्चन किया। वही बसेडिया द्वारा इस पुण्य कार्य का शुभारंभ देवी स्वरूपा छोटी कन्याओ ने प्याऊ का शुभारंभ मां नर्मदा के जल से मटके भरकर किया। इस मौके पर बसेडिया द्वारा कन्याओं के पैर जल से धुलाते हुये अमृत रूप चरणों से निकले हुये जल को ग्रहण करते हुये कार्य को संपन्न कराया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के रूप में पं अरुण तिवारी , शिवकुमार कौरव, प्रदीप कौरव, रजनीश कौरव ,मूलचंद पटेल, राजेश शर्मा, लाल साहब कौरव, लोकसेवा केंद्र के प्रभारी नीरज कौरव, श्रीकांत कौरव , संतोष ठाकुर , दिलीप अहिरवार,शिवानी पटेल, नीतेश साहू ,सुरेंद्र गोहल,निरंजन कहार,तनुश्री बसेड़यि, आरती कहार, पूजा कहार, मोना कहार, आरती ठाकुर अन्य लोग मौजूद थें जिन्हे प्रसादी के रूप में सतुआ का वितरण करते हुये ठंडा जल प्रदान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि इस प्याऊ के शुरू होने से भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरो को गुड़ चने के साथ शीतल जल भी मिलेगा। क्योंकि नगर यह वह प्रमुख स्थल है जहां पर नगर में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आते जाते हैं। इस प्याऊ से उन्हें गुड़ चने के साथ ठंडा जल मिलेगा। बसेडिया का कहना है कि समाजसेवा के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा करना ही उद्देश्य हैं।





खबर संक्षेप

## केरहा नाला परिसर में नवांकुर संस्थाओं और छात्रों ने किया श्रमदान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिलेभर में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कोतमा के केरहा नाला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नवांकुर संस्था माँ अंबे सेवा समिति (बगैहा टोला), नगर विकास प्रस्फुटन समिति कोतमा और सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र-छात्राओं ने केरहा नाला और मंदिर परिसर में फैले कचरे को साफ किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और उन्हें स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिलीप शुक्ला, परामर्शदाता सुश्री रश्मि रैकवार और नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा सहित आमजन उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक शासकीय आयोजन नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। जल संरचनाओं का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि भविष्य के लिए जल सुरक्षित किया जा सके।

## कांग्रेस ने महापुरुषों को कभी नहीं दिया हक का सम्मान-पंकज तेकाम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तेकाम अनूपपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। 16 अप्रैल को अनूपपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं। कांग्रेस ने हमारे बच्चों को पढ़ाई-रोजगार से वंचित रखा और महापुरुषों को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। एक परिवार के नाम पर पूरे देश में प्रतिमाएं लगवाईं, लेकिन आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले जनजातीय महापुरुषों को भुला दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मार्को सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष का बदरा, फुनगा, कोतमा, बिजुरी सहित अन्य स्थानों पर जोरदार स्वागत हुआ। बदरा में मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू, सरपंच सूर्यभान सिंह ने अभिनंदन किया। तेकाम ने कहा कि यह उनका अनूपपुर का पहला प्रवास है। कार्यकर्ताओं से संगठन की स्थिति व सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा, जनजातीय क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाएंगे और योजनाओं का लाभ समय पर दिलवाएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 60-70 वर्षों में जनजातीय महापुरुषों की तस्वीरें क्यों नहीं लगाई गईं? नाखून कटवाने वालों की प्रतिमाएं लगाकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

## नगर परिषद बनगवां के वार्ड 8 में नाला सफाई का कार्य संपन्न

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर परिषद बनगवां के वार्ड क्रमांक 08 स्थित बड़े नाले की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान स्वच्छता दल और स्थानीय अमले ने सामूहिक सहभागिता के साथ नाले में जमी पुरानी गंदगी, गाद और अवरोधों को पूरी तरह हटाया। इस सफाई कार्य का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के पूर्व जल निकासी को बेहतर बनाना और स्थानीय जल स्तर में सुधार लाना है। कलेक्टर पंचोली ने जिले के नागरिकों से अपील की है

# सीवरेज परियोजना का प्रमुख अभियंता द्वारा निरीक्षण, कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**डिंडौरी न्यूज।**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत संचालित डिंडोरी सीवरेज परियोजना का निरीक्षण प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक, पीआईयू जबलपुर श्री गोपाल गुप्ता एवं संविदाकार के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता ने परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे नाला टेपिंग कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

प्रमुख अभियंता ने कहा कि परियोजना के सभी कार्य मानक अनुसार एवं समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि डिंडोरी में विशेष निधि के सहयोग से सीवरेज परियोजना का कार्य प्रगति पर है, जिसका क्रियान्वयन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना शहर में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## जिले में 25 लाख की गौवंश तस्करी पर पुलिस का बड़ा प्रहार, ट्रक समेत कार जब्त 5 आरोपी गिरफ्तार

**डिंडौरी न्यूज।** जिले में अवैध गतिविधियों और गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी के नेटवर्क पर करारा वार किया है। बता दें कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक केवल सिंह परते के नेतृत्व में गठित टीम लगातार सूचना संकलन कर रही थी। इसी दौरान 17 अप्रैल 2026 को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस ने ग्राम अझवार से सारसताल रोड, ग्राम राम्हेपुर के पास घेराबंदी कर दबिश दी।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आईशर ट्रक (क्रमांक **MP** 13 **AG** 5067) को पकड़ा, जिसमें 12 नग भैंस पाड़ा भरे हुए मिले। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक लाल रंग की कार भी जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने वाहन चालक समीर अंसारी, परिचालक नसीम खान, वाहन स्वामी मोहम्मद इस्लाम खान उर्फ शेरू, सप्लायर सलमान खान एवं एक अन्य आरोपी के खिलाफ थाना में अपराध क्रमांक 110/26 दर्ज किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक केवल सिंह परते, एएसआई रामप्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक अभिजीत धुर्वे, आरक्षक अंकित मरावी एवं रोहित मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध गतिविधियों और गौवंश तस्करी के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना से मिल रहा गरीबों को सहारा, मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन



**डिंडौरी न्यूज।**

मध्यप्रदेश शासन की दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना जिले में जरूरतमंदों के लिए बड़ा सहारा बनकर उभर रही है। इस योजना के तहत मजदूरों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मात्र 5 रुपये में भरपेट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिले में इस रसोई का संचालन ग्रामीण विकास सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रमिक एवं जरूरतमंद लोग भोजन ग्रहण कर रहे हैं। रसोई केंद्र में भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाता है, जिससे लाभार्थियों को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सके।

भोजन करने वाले श्रमिकों ने बताया कि यह योजना उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। सीमित आय के बावजूद उन्हें सस्ती दर पर भरपेट भोजन मिल जाता है, जिससे उनके दैनिक जीवन में काफी राहत मिल रही है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और सभी को सम्मानजनक तरीके से भोजन उपलब्ध हो सके। डिंडौरी जिले में यह योजना सफलतापूर्वक संचालित हो रही है और समाज के कमजोर वर्गों को निरंतर लाभान्वित कर रही है। दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक है, जो आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर ग्राम चाड़ा में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**डिंडौरी न्यूज।**

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल 2026 को विकासखंड बजाग के ग्राम चाड़ा में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान कुल 135 मरीजों का ओपीडी पंजीयन किया गया। विभिन्न जांचों में खांसी (खाखर) जांच 20, सिकल सेल जांच 68, गर्भवती माताओं की जांच 4, बीपी जांच 59, शुगर जांच 59 एवं अन्य लैब जांच 55 की गईं। इसके साथ ही 5




हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए तथा 2 बच्चों का आरबीएसके के तहत परीक्षण किया गया। आयुष चिकित्सक द्वारा 37 मरीजों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती, बीएमओ डॉ. चंद्रशेखर धुर्वे, डीसी आरबीएसके श्री ओमप्रकाश उरैती, सीपीएचसी श्री विक्की जमरा, बीपीएम लल्ला यादव, बीईई कांति राव, सीएचओ सहित अन्य स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला।

# टीईटी मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल, जिले से सैकड़ों शिक्षक भोपाल रवाना



### शिक्षकों के समर्थन में मोहन यादव सरकार का बड़ा फैसला

**डिंडौरी न्यूज।**

शिक्षकों के हित में डॉ. मोहन यादव सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए टीईटी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका (रिव्यू पिटीशन) दाखिल की है। इस निर्णय से प्रदेशभर के शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष रामकुमार गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन द्वारा लगातार ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक मुख्यमंत्री अनुरोध महारैली निकालकर शिक्षकों के हित में निर्णय लेने की मांग की जा रही थी। शिक्षकों के इस निरंतर आंदोलन और आग्रह का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार, सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित संगठन के पदाधिकारियों—जगदीश यादव, राकेश दुबे, भरत पटेल, डी.के. सिंगौर, शिल्पी शिवान एवं परमानन्द डहेरिया—के अथक प्रयासों और शिक्षकों के संघर्ष को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने शिक्षकों को समाज का गौरव बताते हुए उनके सम्मान और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। इधर, इस फैसले के समर्थन में करंजिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में शिक्षक भोपाल के लिए रवाना हुए हैं, जहां वे आगे की रणनीति और आंदोलन को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। शिक्षकों में सरकार के इस कदम को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



## जिले में दवा दुकानों पर छापा: एक्सपायरी दवाओं का खेल उजागर, एक मेडिकल स्टोर सील

**डिंडौरी न्यूज।**

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार गठित जांच टीम ने जिले के बजाग ब्लॉक में संचालित मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई की। टीम ने आर्या मेडिकल स्टोर्स, मौनी बाबा मेडिकल स्टोर्स और साईं मेडिकल स्टोर्स की जांच की, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर्स में एक्सपायरी दवाएं अन्य दवाओं के साथ स्टॉक में पाई गईं, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। इसके अलावा, कई दुकानों पर फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति भी पाई गई, जो औषधि नियमों का सीधा उल्लंघन है। कार्रवाई करते हुए जांच टीम ने एक मेडिकल स्टोर को फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के चलते तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित दुकान तब तक बंद रहेगी, जब तक वहां योग्य फार्मासिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो जाती। साथ ही, संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने सभी दवा विक्रेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिए हैं कि वे नियमों का पूर्ण पालन करें और मरीजों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न करें। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि भविष्य में इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## केरहा नाला परिसर में नवांकुर संस्थाओं और छात्रों ने किया श्रमदान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला



पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिलेभर में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कोतमा के केरहा नाला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नवांकुर संस्था माँ अंबे सेवा समिति (बगैहा टोला), नगर विकास प्रस्फुटन समिति कोतमा और सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र-छात्राओं ने केरहा नाला और मंदिर परिसर में फैले कचरे को साफ किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने

# ज्ञान, समानता और संविधान के शिल्पकार को नमन

## नवोदय विद्यालय अमरकंटक में श्रद्धा के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में भारत के महान समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह से ज्ञान, प्रेरणा और सामाजिक समरसता के भाव से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना सिंह पायक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अर्चना सिंह पायक ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के अद्वितीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण तथा सामाजिक समानता स्थापित करने के उनके प्रयासों को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उनके विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार किया। कार्यक्रम में शिक्षक महेश्वर द्विवेदी एवं श्रीमती मनोरमा कौशल ने भी अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से बाबा साहब के आदर्शों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया, जिससे कार्यक्रम और भी ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बन गया। पूरे कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन शिक्षक वाहिद शेख द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी वाणी से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाए रखा।

इस प्रकार, नवोदय विद्यालय अमरकंटक में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक बना, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त संदेश भी छोड़ गया।




## युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, हत्या की आशंका

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत बसाड़ी ग्राम में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिलने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना के पीछे अवैध पैकारी के पास हुई मारपीट को मुख्य कारण माना जा रहा है। चर्चा है कि युवक के साथ वहां मौजूद कुछ लोगों का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसकी जान चली गई। इस संबंध में अभी तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास करते हुए समझाने की कोशिश की है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## व्यवस्था दुरुस्त करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# गेहूं खरीदी को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना एवं मसूर उपार्जन को लेकर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी, जिला विपणन अधिकारी, नापतौल निरीक्षण, एनआरएलएम के प्रतिनिधि, आर.बी. ऐसोसिएट्स के सुपरवाईजर और सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर किसानों से गेहूँ की खरीदी सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए।

### सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें

उन्होंने कहा कि केंद्रों पर बारदाना, छन्ने, पंखे, ग्रेडर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे, पेयजल, छाया, किसानों के बैठने की व्यवस्था, सर्वेयर एवं हम्माल जैसी सभी सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक खरीदी केंद्र का प्रतिदिन तहसील एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी- तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक तथा कृषि विभाग के अधिकारी निरीक्षण करें। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर खरीदी कार्य पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि गेहूँ विक्रय के लिए पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन सैटेलाइट डेटा के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं चना एवं मसूर उपार्जन के लिए गोदामों की जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वहां पूर्व से कोई स्टॉक उपलब्ध न हो, ताकि उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### बनाए गए 67 खरीदी केंद्र

कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज को साफ-सुथरा कर एफएक्यू (मानक गुणवत्ता) के अनुरूप ही खरीदी केंद्रों पर लाएं और स्लॉट बुकिंग के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही विक्रय के लिए पहुंचें, जिससे प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में गेहूँ उपार्जन के लिए कुल 67 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 53 सहकारी समितियों एवं 14 महिला स्व-सहायता समूहध्ग्राम संगठनों द्वारा संचालित हैं। गेहूँ खरीदी 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। अब तक 4055 किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराई है, जबकि 38 किसानों से 1215 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक 10 दिनों की खरीदी को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में जिले में लगभग 2292 गठान बारदाना उपलब्ध है, जिसे सभी केंद्रों पर वितरित किया जा रहा है। प्रत्येक खरीदी केंद्र पर आर.बी. एसोसिएट्स एजेंसी द्वारा सर्वेयर तैनात किए गए हैं, जो गुणवत्ता परीक्षण के बाद एफएक्यू मानकों के अनुसार गेहूँ खरीदी सुनिश्चित कर रहे हैं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में एकल नलजल योजनाओं के 640 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगतिरत हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें शीघ्र ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाएं। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुये सभी नल जल योजनाएँ चालू रखने है और हैण्डपंप के दुरुस्तीकरण व सुधार कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या न हो एवं सुचारू रूप से जल प्रदाय प्राप्त होता रहे। कलेक्टर ने ठेकेदार मेसर्स ए. एण्ड आर. कंस्ट्रक्शन को पुनरीक्षित योजनाओ के कार्य आवंटित होने के 6 माह बाद भी कार्य प्रारंभ न करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी 7 दिनों में कार्य प्रारंभ न होने पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मई माह तक सभी आवंटित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति शुरु की जाए विलंब होने पर पेनाल्टी लगाई जाए।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने बढ़ाया स्कूल का मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहटा एवं शासकीय हाई स्कूल, खापा शेढ़ ने सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊँचा किया है। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहेटा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों का सम्मिलित परीक्षा परिणाम क्रमश 74 प्रतिशत एवं 93 प्रतिशत रहा जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की लगन को दर्शाता है। वहीं, शासकीय हाई स्कूल, खापा शेढ़ का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। खापा शेढ़ विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अंजनी यादव ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रामवती गोंड ने 91 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा संगीता यादव ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य, समर्पित शिक्षकों एवं अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। यह उत्कृष्ट परिणाम न केवल विद्यालयों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं तथा आशा व्यक्त की है कि वे आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

### स्कूलों के समय में परिवर्तन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्रीष्म ऋतु के तापमान में वृद्धि होने के कारण जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, नवोदय विद्यालय, अनुदान प्राप्त संबद्ध शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन का समय प्रात 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिले में आयोजित परीक्षाएं मूल्यांकन का कार्य यथावत समय पर सम्पादित होंगे। यह आदेश 21 अप्रैल 2026 से लागू होकर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

## विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पदस्थ विज्ञान शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय विज्ञान प्रायोगिक प्रशिक्षण का आयोजन 16 अप्रैल से 26 अप्रैल तक तीन चरणों में शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में नरसिंहपुर एवं गोटेगांव विकासखंड के विज्ञान शिक्षकों ने सहभागिता की। इस दौरान एडीपीसी विपनेश जैन, जिला नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव तथा प्राचार्य गोविन्द बड़कुर ने शिक्षकों को विज्ञान विषय की बारीकियों और प्रयोगात्मक शिक्षण के महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी प्राचार्य नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुश्री प्रीति नेमा एवं सहायक नोडल अधिकारी विक्रम शर्मा ने विद्यालयों में प्रयोगात्मक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं के सुझावात्मक विज्ञान प्रायोगिक मॉड्यूल के आधार पर आदर्श प्रयोगशाला की संरचना, आंतरिक व्यवस्था, पानी-बिजली की उपलब्धता, सुरक्षा उपायों एवं आवश्यक उपकरणों की जानकारी दी जा रही है।

## श्रीजी रामायण मंडल द्वारा सुहागलों का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस श्रीजी रामायण मंडल आनंद नगर कॉलोनी में वैशाख मास कृष्ण पक्ष चैदस को बड़े धूमधाम से सुहागिनों का कार्यक्रम संपन्न हुआ लाल और पीले रंग के परिधान में सुसज्जित महिलाओं ने सुहागलो के कार्यक्रम में औसान बीवी माता से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की सर्वप्रथम माता की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात कहानी एवं आरती की गई उसके बाद सभी बहनों ने माता रानी से सुहाग लिया और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की तत्पश्चात समस्त बहनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की कार्यक्रम में आनंद नगर कॉलोनी की समस्त बहनें उपस्थिति रही यह कार्यक्रम नीति नेमस के निज निवास पर संपन्न हुआ सुहागलो का कार्यक्रम समस्त बहनों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

## जिले में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में मनाया 8 वां संस्करण




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संचालनालय आयुष विभाग के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शासकीय आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में 8 वां संस्करण 2026 मनाया गया। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि मातृ एवं शिशु पोषण के अंतर्गत गर्भवती व धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण परामर्श दिया गया। साथ ही बच्चों का वचन व ऊंचाई मापी गई। बाल मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक संवर्धन जन्म से 3 वर्ष तक के अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास और घर आधारित देखभाल एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से विकास के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा तीन वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाल विकास, सीखने की क्षमता और सामाजिक व्यवहार के विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के 1198 बच्चे लाभांवित हुए।

## सेंट्रल बैंक मैंनेजर ने किया पदभार ग्रहण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सेंट्रल बैंक बैंक मैंनेजर आर आर पटेल ने बैंक मैं पदभार ग्रहण कर साथी कर्मचारियों के साथ बैठक की एवं उनके कार्य की समीक्षा कर उन्हें ग्राहकों के प्रति अच्छे से अच्छे सेवा देने के लिए अपनी बात रखी आपने बैंक स्टाफ में गौरव जाट ज्योति शर्मा भूमिका राजपूत दीपक झरिया द्वारका सेन के द्वारा शाखा प्रबंधक श्री पटेल का स्वागत किया गया और आपने शाखा प्रबंधक को भरोसा दिलाया कि आपके मार्गदर्शन में बैंक हमेशा अग्रणी भूमिका में ग्राहक सेवा के लिए हमेशा आगे रहेगा। अंत में समस्त ग्राहकों को अपने अपनी शुभकामनाएं दीं गौरव जाट द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## ग्राम मेख में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

### जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



**गोटेगांव।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन मेख में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी, जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र नागेश एवं एसडीएम सुश्री संघमित्रा गौतम जनपद पंचायत सीईओ साक्षी जैन सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सशक्तिकरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए तथा विकास कार्यों में तेजी लाई जाए, जिससे आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके।

## प्रिया का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित उपाध्याय परिवार के श्रीमती सुनीता शिवकुमार उपाध्याय की सुपुत्री प्रिया उपाध्याय ने शासकीय कन्या विद्यालय से कक्षा बारहवीं में अध्ययन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया है।

## लू से बचने तेज धूप में ना निकलें मौसम विभाग का हाईअलर्ट जारी



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों अधिक तापमान के चलते भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं मौसम विभाग ने भी तापमान के तेवरों को देखते हुए हाईअलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी के चलते आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। ऐसे समय में बच्चों को लू से तेज बुखार उल्टी दस्त पेट दर्द की घटनाएं ज्यादा तर देखनें को मिला करतीं हैं।ऐसी स्थिति में विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है।हमारे प्रतिनिधि ने इस संबंध में विशेषज्ञ डाक्टरों से चर्चा की है। जिन्होंने कुछ आवश्यक उपाय बताए हैं। इनमें ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल का कहना है कि तेज धूप से आकर तत्काल ठंडे वातावरण में नहीं आना चाहिए।ऐसे में लू लगने का विशेष खतरा रहता है। पानी का विशेष ध्यान रखें।उबला हुआ या फिल्टर का पानी पियें।खाली पेट बिल्कुल ना रहें।गर्मी में अधिक पसीना निकलता है ऐसे समय में बार बार पानी पीना चाहिए।खुला हुआ अधिक तेल मिर्ची वाला भोजन या नास्ता नहीं करना चाहिए।

## सर्वोदय स्कूल अंग्रेजी माध्यम का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

तेंदूखेड़ा

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम ने अपने पिछले कीर्तमान को बनाये रखते हुए इस वर्ष भी बेहतर प्रदर्शन किया है। और हाईस्कूल हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 68 विद्यार्थियों में 63 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 05 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें कु चारू जैन ने 97 प्रतिशत अंक कु अंशिका शर्मा ने 95 शैलजा विश्वकर्मा ने 94.02 शिवानी पटेल ने 93.6 नैनश्री अग्रवाल ने 92.8 नाव्या जैन 91 दिलीप किरार 88.02 साक्षी कुशवाहा 87.8 रिचा उदेनिया 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार का नाम रोशन किया । इसी तरह से हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में जीवविज्ञान संकाय से कु सुहानी गुप्ता ने 86.8 प्रतिशत प्रियंका वाजपेई 86.8 रिशिता लोधी ने 86 और अवनि जैन ने 84.2प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गणित संकाय से प्रियांश पटेल ने 89.6 प्रतिशत समिधा पाठक ने 85.8 आयुष अग्रवाल ने 85 आदीश जैन ने 84.2 शोभित बसेडिया ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।कॉमर्स संकाय में छात्र देव रूसिया ने 84.4 प्रतिशत अंक दक्ष पटेल ने 81 नमन पटेल ने 76.8 शैली मलैया ने 72.8 संध्या पटेल ने 69.4 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम श्रेणी हासिल की है।कुछ विद्यार्थियों ने हिंदी संस्कृत एवं गणित विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये है। विद्यालय के इस बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए संस्था प्रबंध निदेशक प्राचार्य प्रभारी प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। तथा विद्यार्थियों की मेहनत एवं पालकों का सहयोग शिक्षक शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम कुशल मार्गदर्शन रहा है।

# 10वीं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में मुरलीधर विद्यालय का दबदबा 96.8% तक अंक प्राप्त किये, परीक्षा परिणाम 100% रहा



**श्रीधाम गोटेगांव।** हमेशा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाला गैर व्यावसायिक शिक्षण संस्थान बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालितश्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गोटेगांव की छात्र-छात्राओं ने इस बार भी दशमी एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसके अनुसारहाई स्कूल (10वीं) / उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (12वीं) परीक्षापरिणाम सारांश - 20261- 10वीं A [E.M.]कुल छात्र - 39उत्तीर्ण - 39प्रथम श्रेणी - 39परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - एंजेल जैन 484/500 - 96.8%द्वितीय स्थान - दीपाली चौधरी 483/500 - 96.6%द्वितीय स्थान - दर्शिका शर्मा 483/500 - 96.6%तृतीय स्थान - अभिनव गुप्ता 474/500 - 94.8%2- 10वीं B [E.M.]कुल छात्र - 40उत्तीर्ण - 40प्रथम श्रेणी - 33द्वितीय श्रेणी - 07परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - उपदेश पटेल 449/500 - 89.8%द्वितीय स्थान - साक्षी चौरसिया 446/500 - 89.2%तृतीय स्थान - अक्षय सिंह राजपूत 445/500 - 89%3- 10वीं A [H.M.]कुल छात्र - 36उत्तीर्ण - 36प्रथम श्रेणी - 33द्वितीय श्रेणी - 03परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - शिवकांत अरेहा 470/500 - 94%द्वितीय स्थान - तुलसा लोधी 469/500 - 93.8%तृतीय स्थान - गायत्री लोधी 462/500 - 92.4%4- 10वीं B [H.M.]कुल छात्र - 38उत्तीर्ण - 38प्रथम श्रेणी - 30द्वितीय श्रेणी - 08परिणाम % - 100%कक्षा प्रथम स्थान - रिया लोधी 450/500 - 90%द्वितीय स्थान - शिवी राठौर 421/500 - 84.2%द्वितीय स्थान - आयुषी राजपूत 421/500 - 84.2%तृतीय स्थान - प्रिंस पटेल 410/500 - 82%5- 10वीं C [H.M.]कुल छात्र - 36उत्तीर्ण - 35अनुत्तीर्ण - 01 [02 subject]प्रथम श्रेणी - 29द्वितीय श्रेणी - 06परिणाम % - 97.22%कक्षा प्रथम स्थान - शिवानी पटेल 483/500 - 96.6%द्वितीय स्थान - तमन्ना कच्छी 482/500 - 96.4%तृतीय स्थान - प्रियंशी विश्वकर्मा 476/500 - 95.2%शानदार अंक प्राप्त किए हैं कुछ अंक से ही इस बार प्रवीण सूची में आने से छात्र रह गए हैं । नहीं तो इस विद्यालय से आने को बार जिला व प्रदेश की मेरिट सूची में छात्र आए हैं। छात्र-छात्राओं की शानदार सफलता पर उनके मार्गदर्शक शिक्षकों माता-पिता सभी को बधाई देने वालों में बाल शिक्षा समिति के संरक्षक पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेलमार्गदर्शक डॉ. गौतम भद्र, सिंघई अनिल जैन, ध्रुव कुमार पचौरी वर्तमान अध्यक्ष पंकज जैन, सचिव बी.डी. सोनी, कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत, अजीत खरया सह सचिव आनंद अग्रवाल, दिनेश खजांची, एन एस राठौर, संजय अरिहंत, राकेश शर्मा कमलेश पाठक, संदीप जैन, संजय सिंघवी, विनोद तिवारी, बिहारी अग्रवाल, गोविंद पटेल , रूपेश शराफ प्राचार्य शिवशंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन।सभी गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं1

## गोटेगांव विधानसभा में शिक्षा को बढ़ावाः भैंसा पाला व गौरखपुर में साइकिल वितरण और विकास कार्यों की सौगात



**गोटेगांव।** विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहन देने और विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए डाँगीढाना मंडल अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसा पाला में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान भैंसा पाला विद्यालय के लिए छपाई कार्य हेतु 25,000 एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए प्योरीफायर आरओ उपलब्ध कराने की घोषणा की गई, जिससे विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं में और सुधार होगा।तत्पश्चात मुंगवानी मंडल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरखपुर में भी साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षा के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गौरखपुर विद्यालय में 50,000 की लागत से चबूतरा निर्माण एवं प्योरीफायर आरओ उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।कार्यक्रम में गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ मंडल अध्यक्ष श्री रामजी पटैल एवं श्री नीलेश शर्मा, जिला मंत्री भाजपा श्री अभिजीत महाजन, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री ठाकुर सिंह पटैल एवं श्री गुड्डा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया।इस तरह के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को सुविधाएँ मिल रही हैं, बल्कि उनके भीतर शिक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास भी निरंतर बढ़ रहा है, जो क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।